## खबर संक्षेप

### गोलबाजार रामलीला में सीता हरण का मंचन

**कटनी।** गोलबाजार में चल रहे रामलीला में सीता हरण का मार्मिक मंचन किया गया। महंत धर्मराज पाठक के निर्देशन में कलाकारों ने इस महत्त्वपूर्ण प्रसंग को जीवंत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। लीला की शुरुआत मारीच द्वारा मायावी स्वर्णिम मृग का रूप धारण करने से हुई, जिसने सीता माता का ध्यान आकर्षित किया। सीता जी के आग्रह पर भगवान श्री राम मृग को पकड़ने वन में चले गए। इसके बाद जब लक्ष्मण जी, राम की संकट भरी आवाज सुनकर सीता के लाख मना करने पर भी, अपनी इच्छा के विरुद्ध, राम की खोज में गए, तो इसी अवसर का लाभ उठाकर लंकापति रावण ने साधु का वेश धारण कर कुटिया में प्रवेश किया। कलाकारों ने रावण द्वारा छलपूर्वक माता सीता का हरण करने के दृश्य को बड़े ही संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया। रावण जब सीता माता को लेकर जा रहा था, उस समय जटायु और रावण के बीच हुए भीषण युद्ध का दृश्य भी अत्यंत प्रभावशाली रहा। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने इस करुण दृश्य को और भी अधिक प्रभावी बना दिया। सीता हरण की लीला का मंचन देख पंडाल में उपस्थित दर्शक भावुक हो उठे। इस मंचन ने धर्म की मर्यादा, छल-कपट और असत्य पर सत्य की विजय की ओर इशारा किया, जिसकी सराहना सभी ने की।

### मां वीरासन में भंडारा और देवी जागरण आज

**सिलौंडी।** मां वीरासन देवी मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी आज 29 सितंबर को जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के माध्यम से मां वीरासन देवी मंदिर में मां वीरासन देवी का विशेष पूजन अर्चन कर कन्या भोज और विशाल भंडारा होगा। साथ ही रात्रि में प्रसिद्ध गायकी संजो बघेल देवी जागरण का आयोजन होगा। आयोजन समिती की जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने बताया कि पिछले कई सालों से हर साल नवरात्र में अष्टमी के दिन मां वीरासन देवी के आशीर्वाद से कन्या भोज भंडारा करने का पुण्य अवसर मिल रहा है। इस बार भी आज अष्टमी को कन्या भोज , विशाल भंडारा के बाद रात्रि में प्रसिद्ध गायकी संजो बघेल मां वीरासन देवी की भक्ति में अपने मन मोहक भजनों की प्रस्तुति देगी ।

### दो दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकियो का आयोजन आज से

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में साधुराम हाई स्कूल विद्यालय परिसर में दो दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकियों का आयोजन 29- 30 सितंबर को शाम 7:00 बजे से किया जाएगा। राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने सभी आध्यात्मिक धार्मिक श्रद्धालुओं से झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### 17 हजार की अवैध शराब जब्त, 3 प्रकरण दर्ज

**कटनी।** जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय व परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 2 के अंतर्गत ग्राम निमियाहार एवं आधारकाप में आबकारी अमले ने औचक छापामारी की। इस दौरान प्लास्टिक के गुम्मो में भरे 150 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 13 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर, आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं च के 3 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये । जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि जब्त महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त महुआ लाहन एवं शराब की कीमत लगभग 16 हजार 950 रूपए है।वहीं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत की जांच करने कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में आबकारी वृत स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम तिलहरी निमास में टीम द्वारा दबिश देकर 1 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों की अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आम जनता को सरकारी कार्यों में हीलाहवाली व अन्य समस्याओं के समाधान हेतु शुरू की गई मुख्यमंत्री हेल्पलाईन पर कई बार झूठी शिकायत के मामले भी सामने आए हैं, जिस पर सरकार ने कड़ा रूख अपनाते हुए ऐसे झूठे मामलों में शिकायत करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाही करने फरमान जारी कर दिया है। सरकार ने लगातार झूठी शिकायत कर अधिकारियों कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने वालों पर शिंकजा कसने की तैयारी कर ली है। राज्य सरकार अब ऐसे शिकायतकर्ताओं का चिह्नित करने जा रही है, जो लगातार शिकायतें कर अफसरों-कर्मचारियों को ब्लैकमेल करते आ रहे हैं।

समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (181) का अब कुछ लोगों ने गलत इस्तेमाल शुरू कर दिया था। झूठी शिकायतों और ब्लैकमेलिंग की लगातार बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने कलेक्टर को सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं। आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि अब यदि कोई झूठी शिकायत करता है तो उसके




खिलाफ कानूनी कार्रवाई या एफआइआर दर्ज की जाएगी। वहीं, यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर समय पर निराकरण करने आदेशित किया गया है। सरकार ने तय किया है कि आदतन और झूठी शिकायत करने वाले लोगों की सूची पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, ताकि सभी विभाग इन्हें देख सकें। इसके बाद इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसे लोगों को हेल्पलाइन पर शिकायत करने से अपात्र भी घोषित किया जा सकता है। विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई व्यक्ति बार-बार झूठी शिकायत दर्ज करता है और जांच में शिकायत असत्य पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई या एफआईआर दर्ज कर कठोर कदम उठाए जाएं।

सीएम हेल्पलाइन जैसी व्यवस्था लोकतंत्र को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। ये जनता को अपनी बात सीधे शासन तक पहुंचाने का अवसर देती है। लेकिन यदि इसे ब्लैकमेलिंग और निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा है।

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने 10 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर हेल्पलाइन के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया था। उन्होंने लिखा था कि कई लोग झूठी शिकायतें दर्ज कर अधिकारियों को परेशान कर रहे हैं और शिकायत हटाने के लिए अवैध वसूली कर रहे हैं। इस पत्र पर मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया और 25 सितबर को सीएम हेल्पलाइन संचालक संदीप अष्टाना के माध्यम से आदेश जारी करवाए। आदेश में स्पष्ट किया गया कि अब झूठी शिकायत करने वालों पर एफआईआर दर्ज होगी और सही शिकायत पाए जाने पर अधिकारियों द्वारा संबंधित शिकायत का निराकरण किया जावेगा।

इसके साथ ही दूसरी ओर इस प्रकार के भी तमाम केस आ रहे हैं कि अधिकारी खासकर पुलिस विभाग के आधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता को भांति-भांति तरीके से प्रताड़ित करते रहते हैं, उनके द्वारा की गई शिकायत पर जबरन ही क्लोज कराए जाने के भी कई बार मामले सामने आ चुके हैं, इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन में भी कम विसंगतियां नहीं हैं। कई बार सही शिकायत करने वालों की शिकायत बिना निस्तारण के बंद कर दी जाती है।

### जिले भर में बेची जा रही अवैध शराब, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

# माफियाओं को अधिकारियों की सरपरस्ती, छुटपुट कार्यवाही कर लूटी जा रही वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले भर के गांवों में अवैध शराब बिक्री का संचालन धड़ल्ले के साथ बदस्तूर जारी है, ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह अवैध शराब का विक्रय खुलेआम किया जा रहा है, अवैध शराब बिक्री पर जिम्मेदार विभाग रोक नहीं लगा पा रहा है। छुटपुट कार्रवाही कर विभाग द्वारा अपनी पीठ थपथपाई जा रही है जबकि हालात यह है कि गांव गांव में अवैध शराब का बड़ा व्यवसाय संचालित किया जा रहा है, जिसे काबू करने में विभाग पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

अवैध शराब के विक्रय से शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि तो हो ही रही है साथ ही लोगों के लिए भी काफी नुकसानदायक है। बड़ी बात यह है कि शासन लाखों रुपए आबकारी विभाग पर खर्च कर रही है। इसके बाद भी चंद कार्यवाही और औपचारिकता पूरी करके विभाग छुटपुट कार्रवाही की महज खानापूर्ती करने में जुटा



हुआ है। आलम यह है कि अवैध शराब बिक्री तहसील मुख्यालय के साथ साथ गांव गांव में अपना व्यापार पसार चुका है जहां नई उम्र के बच्चे भी धीरे धीरे शराब के नशे के आदि बनते जा रहे हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्टर को पत्र सौंपकर इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि शहर के साथ साथ हर गांव में अवैध शराब का खुलेआम कारोबार संचालित किया जा रहा है जगह जगह पेकारी संचालित हो रही है। साथ ही पंजीकृत शराब दुकाने देर रात तक खुली रहती हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, कानून व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि अवैध शराब बिक्री और पेकारी पर तत्काल रोक लगाई जाए। पंजीकृत दुकानों को समय सीमा के बाद खुला रखने पर प्रतिबंध लगे। दोषियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि ठोस कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जनहित में आंदोलन किया जाएगा।

अवैध शराब के मामले में पूर्व में भी कई बार ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया गया था लेकिन अवैध शराब के कारोबार में रोक लगा पाने आबाकारी के साथ साथ प्रशासन भी नाकाम साबित हो चुका है, वर्तमान में जिले भर के गांव गांव में अवैध शराब का करोबार जमकर किया जा रहा है।

गांव गांव में अवैध शराब के कारण परिवार टूट रहे हैं, नशाखोरी से अपराध बढ़ रहे हैं और घरों में झगड़े हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि अवैध शराब की जानकारी आबकारी एवं पुलिस विभाग को न हो, बताया जाता है कि अवैध शराब बेचने वालों से विभागीय मिलीभगत के बिना ऐसे खुलेआम अवैध शराब का कारोबार संभव नहीं है, अवैध शराब के कारोबार पर जिम्मेदारों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है, जिसे अवैध शराब का कारोबार दिन दूना रात चौगुना अपनी जड़े जमा रहा है।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 10 अक्टूबर तक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं बिचौलियों व दलालों के शोषण से बचाने के लिए शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्यश पर धान खरीदी हेतु पंजीयन प्रक्रिया शुरू है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसान भाईयों अपील की है कि वे निर्धारित तिथि 10 अक्टूरबर के पूर्व अपना पंजीयन करा लेवें। ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

किसान ग्राम पंचायत, जनपंद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्था पित सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर निःशुल्का पंजीयन करा सकते है। जबकि एमपी ऑनलाईन कियोस्कं, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्य क्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क जमा कर अपना पंजीयन कराया जा सकता है। इनमें भी प्रति पंजीयन 50 रुपये से अधिक का शुल्कक नही लिया जाएगा।

पंजीयन के लिए किसान को भूमि संबंधी दस्तारवेज, आधार नम्बशर, आधार नम्बूर से लिंक मोबाईल नम्बसर एवं आधार नम्बरर से लिंक बैंक खाते की आईएफएससी कोड सहित जानकारी उपलब्ध्‍ कराना होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्तड बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्यक नहीं किये जाएंगे।

किसान का पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नम्ब्र का सत्या पन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सत्योपन आधार नम्ब्र से लिंक मोबाईल नम्बनर पर प्राप्तय ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जाएगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जब किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्योपन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानो के रकबे, फसल एवं फसल की किस्म का सत्यामपन राजस्वख विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। वन पट्टाधारी किसानो के रकबे एवं फसल का सत्या पन वन विभाग के अमले द्वारा किया जाएगा।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन, भाव विभोर होकर नाचे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

समीपवर्ती ग्राम गौरा में श्रीमद् भागवत कथा पुराण का में कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण की जन्म की कथा का वर्णन किया गया ।भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में सभी भक्त मन विभोर होकर नाचने लगे । कथा वाचक पंडित शशी तिवारी जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म से पहले उनके मामा कंस के अत्याचार का वर्णन किया गया ।इस दौरान बड़वारा विधायक ने कथावाचक का सम्मान कर उनका



आशीर्वाद लिया ।

इस दौरान पंकज तिवारी,रिंकू तिवारी,राज दुबे,महेंद्र सिंह ठाकुर. पुरुषोत्तम दुबे राकेश दुबे राजेश तिवारी रोहित दुबे गंगाराम पदम लाल जगदीश प्रमोद रवि राकेश संतोष शरद उमेश प्रदोष वासुदेव अशोक अरविंद अंतू धनीराम शोभाराम कृष्णकांत मुश्किल लाल राजेश राय दिनेश मिलन आदि रहे।

# भक्ति में लीन श्रद्धालु, गरबा नृत्य कर मातारानी की स्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जगत जननी आदिशक्ति की पावन भक्ति का पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है। जहां भोर होते ही देवी-देवालयों मैं जल अर्पित करने, पूजा अर्चना करने भक्तो की भीड़ उमड़ रही है। पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जा रही है। देवी मन्दिरो मैं सुबह से लेकर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। भक्तो के द्वारा देवी भगत,संकीर्तन पाठ,भजन मंडलियों के द्वारा रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है।

क्षेत्र के प्रसिद्ध खड़रा स्थित शारदा मंदिर,पहरुआ स्थित टिंशन



माता मंदिर,स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे भक्तो का तांता लग रहा है। शारदेय नवरात्र के अनुष्ठान जारी है।इन देवी मन्दिरो में 40 मनोकामना कलश स्थापित किए हैं। स्लीमनाबाद स्थित चंडी मंदिर मैं सुबह -शाम आरती होने के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ हो रहा है। भजन मंडली भजन पेश कर रही हैं। रोजाना बड़ी संख्या में भक्त पूजा अनुष्ठान के लिए आ रहे हैं।खड़रा स्थित शारदा मंदिर में चैत्र नवरात्र के अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए हैं। पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा है। सुबह- शाम आरती एवं भजनों से माहौल धर्ममय है। वही पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर मैं अष्टमी को हवन पूजन किया जाएगा।श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

स्लीमनाबाद तिराहा स्थित नगर सेठानी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा पंचमी से गरबा नृत्य का आयोजन प्रारम्भ किया गया है जहाँ रात 8 बजे आरती के बाद गरबा का आयोजन शुरू किया जाता है। गरबा कर माँ दुर्गा की स्तुति महिलाओं के द्वारा की जाती है। वही गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देख लोग मंत्रमुग्ध हो रहे ओर आन्दित हो रहे है।

### गांधी जयंती पर मांसाहारी पदार्थो का क्रय- विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार 2 अक्टूबर को निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मांस मटन एवं मछली विक्रय की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान होटल बंद रखने के निर्देश नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के द्वारा निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को प्रदान किए गए हैं। आयुक्त के निर्देशों के पालन में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के समस्त चिकन मटन व्यापारियों को सूचना पत्र जारी किया जाकर 2 अक्टूवर गुरुवार को चिकन मटन के प्रतिष्ठान और होटल बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं तथा उन्हें आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। निर्देशों का पालन नहीं करने की दशा में कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

### दिव्यांगों को आत्मजनिर्भर बनाने प्रशिक्षण

**कटनी।** दिव्यांगों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा 6 दिवसीय शॉपकीपर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक रामसुख दुबे ने जैविक खेती के द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के द्वारा कृषि को लाभ का धंधा बनाने की विस्तावर से जानकारी दी।

# अतिक्रमण हटाने संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नवरात्रि पर्व के दौरान नगर की सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर के जुलूस मार्गों,मुख्य मार्गों सहित बाजार क्षेत्रों से अस्थाई अतिक्रमण हटाते हुए आवागमन व यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं,ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाकर नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन मुहैया कराया जा सके।

उक्त निर्देश के परिपालन में शनिवार को नगर निगम के अतिक्रमण विभाग व यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जुलूस मार्गों में पैदल मार्च करते हुए यातायात व्यवस्था को प्रबंधित करने का प्रयास किया जाकर दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए मानव हितों को ध्यान में रखते हुए विपरीत परिस्थितियों जैसे आगजनी,भगदड़ की स्थितियों से निपटने की तैयारियों हेतु निरीक्षण किया जाकर आपातकालीन नंबर,एवं सुरक्षा एवं बचाव से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई साथ ही स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध भी किया गया।

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया है कि नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार पर्वों के दौरान नगर की सुगम यातायात व्यवस्था के मद्देनज़र अभियान चलाकर पैदल मार्च करते हुए कार्यवाही की गई है, साथ ही इस दौरान शहर की दुर्गा समितियों से भी चर्चा की जाकर सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम रखने के साथ ही शहर में स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह भी किया गया है।नवरात्रि पर्व में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस हेतु यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह,ट्रैफिक टी.आई राहुल पांडेय सहित अतिक्रमण टीम व ट्रैफिक पुलिस की टीम मौजूद रही।

### जालपा मढ़िया सहित अन्य मंदिरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# देवी मंदिरों में सुबह से ही उमड़ रही भक्तों की भीड़, गूंज रहे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भक्ति में डूबे श्रद्धालु शारदेश नवरात्र के पावन अवसर पर शहर में इन दिनों नवरात्रि पर्व की भक्ति और श्रद्धा चरम पर है। सनातन धर्मावलंबी मां शक्ति की आराधना में लीन हैं। जहां व्यक्तिगत रूप से व्रत-उपवास और पूजन-अनुष्ठान किए जा रहे हैं, वहीं शाम होते ही शहर के सैकड़ों स्थानों पर स्थापित देवी पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

कटनी की महारानी के नाम से जाने वाली माँ जालपा मढ़िया में सुबह चार बजे से ही मॉ आदिशक्ति के भक्तों का सैलाब उमड़ जाता है। शहर के प्रमुख मॉ जालपा धाम में इन दिनों विशेष श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन सुबह चार बजे से शहर के विभिन्न स्थानों से पहुंच रहे हजारों





की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं इनमें विशेष रूप से महिलाएं, जल अर्पण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं। मंदिर समिति द्वारा माता रानी का विशेष श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया है। पूरे दिन मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। एक ओर जहां सामूहिक रूप से शक्ति की आराधना हो रही है, वहीं दूसरी ओर कई श्रद्धालु अपने घरों में षट्स्थापना कर मां शक्ति की आराधना में लीन हैं।

कठिन व्रत और उपवास के माध्यम से लोग भक्ति और साधना का मार्ग अपना रहे हैं। कई साधक तंत्र विधियों द्वारा मां की कृपा प्राप्त करने के प्रयास में लगे हैं। मॉ आदिशक्ति के भक्त माता रानी की महाआरती कर विशेष पूजन-अर्चना कर धर्मलाभ ले रहे हैं।

इसके साथ ही आजाद चौक स्थित मॉं मरही माता में भी रोजाना शाम को भक्तों का तांता लगा हुआ है। अष्टमी को यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया हैं, सुबह से ही माता रानी के पूजन पाठ व हवन आयोजित होता हैं जहां भक्तगण हवन कर माता को प्रसन्न कर अपनी मनोकामनाएं प्राप्त करते हैं। हवन के पश्चात कन्याभोज के साथ ही बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके अलावा शाम होते ही शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित देवी पंडालों में माता रानी के भव्य स्वरूप श्रद्धालुओं का मन मोह रहे हैं।

सुभाष चौक, झंडा बाजार, सराफा बाजार, आजाद चौक, शेर चौक, घंटाघर, गर्ग चौराहा, चांडक चौक, गल्ला मंडी सहित अन्य स्थानों में झांकियां सजाई गई हैं शाम होते ही ये पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भर जाते हैं।

**खबर संक्षेप**



## विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए, वीक पॉइंट समझाया

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय ,ढीमरखेड़ा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कनौजिया ने विद्यार्थियों को बताया कि मुसीबत के समय किन-किन अंगों पर प्रहार कर स्वयं की सुरक्षा की जा सकती है।उन्होंने कराटे के अभ्यास कराते हुए आत्मरक्षा के वीक पॉइंट समझाए। महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए विशेष साधनों की आवश्यकता नहीं होती, हम उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से भी खुद की रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम में सचिन कोष्टा, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी, डॉ. हर्षित द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दुर्गा पंडालों और रामलीला मंचों का किया निरीक्षण



**उमरियापान** नवरात्र पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हैं। शनिवार रात स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी और थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने उमरियापान नगर में पैदल गश्त कर विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों और रामलीला मंचों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने समितियों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीओपी ने विशेष रूप से बिजली के तारों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने दर्शन हेतु महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग कतारें बनाने पर जोर दिया। एसडीओपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने सभी आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने की बात कही।

## अभियान चलाकर 253 मवेशियों को हटाया गया



**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शहर के मुख्य मार्गों में घुमंतू मवेशियों के विचरण पर अंकुश लगाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के लिए निगम की हांका गैंग सक्रिय हो गई है। जिसके तहत शनिवार देर रात नगर के 7 प्रमुख मार्गों सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लगभग 245 घुमंतू मवेशियों को हांका लगाते हुए नगरीय सीमा से बाहर किए जाने की कार्यवाही की गई। जबकि बाजार क्षेत्र से 8 मवेशियों को पकड़कर काऊ कैचर वाहन से कांजी हाउस भेजा गया। मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए जालपा मंदिर पहुंच मार्ग, पन्ना मोड़ से साईं मंदिर होते हुए गल्ला मंडी रोड, इंदिरा नगर तिराहा, कलेक्ट्रेट कार्यालय से झिंझरी, जिला न्यायालय मार्ग, न्याय निकुंज से पीर बाबा एवं सत्य नारायण मंदिर मार्ग से दुर्गा चौक सहित स्टेशन रोड मुख्य मार्ग में अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात में बाधक बन रहे 8 मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। जबकि गल्ला मंडी से पन्ना मोड़ के लगभग 150 मवेशियों, कलेक्ट्रेट से पीरबाबा के लगभग 60 मवेशियों और सत्यनारायण मंदिर से दुर्गा चौक तक के लगभग 35 मवेशियों को हांका लगाते हुए नगरीय सीमा के बहार किया गया।

# या देवी सर्वभूतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः


सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति दुर्गा मंदिर बस स्टैण्ड, ढीमरखेड़ा।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बरेली।


पिंडरई कालोनी में विराजी मां दुर्गा।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति हनुमान मंदिर ढीमरखेड़ा।


अंतर्वेद गनियारी वार्ड नं.16 में विराजी मां दुर्गा।


सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति विरासन पाली।


मुरवारी बाजार मोहल्ला में विराजी मां काली।


अचानक दुर्गोत्सव समिति बरेली।


सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति ब्लाक कालोनी ढीमरखेड़ा।


नगर महारानी दुर्गोत्सव समिति स्लीमनाबाद।


संगम नगर दुर्गोत्सव समिति स्लीमनाबाद तिराहा।


नगर सेठानी दुर्गा उत्सव समिति स्लीमनाबाद तिराहा।

## कीचड़ से सनी रोड से निकलने मजबूर हैं ग्रामवासी, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासन की अनेक जनहितैषी योजनाओं में ग्रामीण सड़क योजना ग्रामीणों के लिए एक बरदान साबित हुई है किंतु कुछ ग्रामों में पँचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता व अंनदेखी करने से ग्राम वासियों को सुगम मार्ग की सुविधा उपलब्ध नही हो पा रही है।

बड़वारा जनपद पँचायत अंतर्गत ग्राम चाँदन के रहवासी दलदल व कीचड़ युक्त मार्ग से निकलने को मजबूर हैं किंतु स्थानीय पँचायत के जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अधिकारियों को जनता की समस्याओं से कोई भी सरोकार नहीं हैं। चाँदन ग्राम के ही हरिप्रसाद पाण्डे ( भोला महाराज) ने बताया कि चाँदन ग्राम में बहोरन यादव के घर के पास से लेकर हनुमानजी की मंदिर तक रोड की हालत बेहद जर्जर स्थिति में है रोड में जगह जगह गड्ढे बन गए हैं जिनमे पानी व कीचड़ भरा रहता है जिससे लोगों को व स्कूल में अध्ययन रत छात्र छात्राओं



को तथा दो पहिया वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसकी शिकायत कई बार सीएम हेल्प लाइन में भी ग्राम वासियों के द्वारा की गई है इसके वावजूद जनपद से अधिकारी आकर शिकायत कर्ताओं को रोड सुधरवा देने का झूठा आश्वाशन देकर शिकायत कटवा देते हैं। जबकि ग्राम के लोगों के आने जाने का यही एक मात्र मुख्य मार्ग है।

हरिप्रसाद पाण्डे उर्फ भोला महाराज ने बताया कि यदि शीघ्र ही चाँदन ग्राम की खस्ताहाल रोड को नही सुधरवाया जाएगा तो ग्राम वासियों को आंदोलन करने के लिए वाध्य होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

*स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार के तहत शिविर का हुआ आयोजन*

## कन्हवारा अस्पताल में एक्सरे मशीन का लोकार्पण, टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत विधायक संदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में जनमानस को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कराने के लिये प्रेरित किया। उन्हों ने कहा कि स्वस्थ नारी के बिना स्वस्थ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज की प्रगति और समृद्धि में नारी शक्ति की भूमिका अति महत्त्वपूर्ण हैं। व्यक्ति से लेकर परिवार और समाज से लेकर विश्व निर्माण तक नारी ही संस्कृति परंपरा और संस्कारों की संवाहक रही है। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान से हम एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।




विधायक जायसवाल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा में 12 लाख 40 हजार रुपये मूल्य की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का लोकार्पण किया गया। इससे क्षेत्रवासियों को एक्स-रे की सुविधा ग्राम स्तर पर ही प्राप्त हो सकेगी।

शिविर में विधायक के पहल पर विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित 807 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण स्वास्थ्य हेतु उन्हें 807 फूड बास्केट 6 माह तक देने हेतु संकल्प लेकर शिविर में 7 मरीजों को फूड बास्केट वितरित किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पोषण मिलेट्स के व्यंजन तैयार किया गया। श्री जायसवाल द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई। विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा में कार्यरत सफाई कर्मी मीराबाई को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया ।

शिविर में सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, शिविर में 525 पंजीकृत महिलाओं को स्वायस्थ्द एवं जांच सेवायें उपलब्ध करायी गई। अभियान के अंतगर्त मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, किशोरियो में पोषण और एनिमिया संबंधी जागरूकता गैरसंचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैन्सर की स्क्रीनिग, संचारी रोग जैसे क्षय एवं कुष्ठ रोग की पहचान और उपचार दिया गया।

**दशहरा चल समारोह में सभी व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व**

## जुलूस मार्ग को करें दुरुस्त, झूलती बिजली तारों को कराएं व्यवस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में विराजित दुर्गा प्रतिमाओं व जवारा विसर्जन एवं दशहरा चल समारोह के दौरान नगरपालिक निगम कटनी द्वारा सभी आवश्यक कार्य व्यवस्थाओं को समय में पूर्ण किए जाने हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने एक आदेश जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।दशहरा चल समारोह बुधवार 1 अक्टूबर को सायंकाल स्टेशन रोड कमानिया गेट के पास से प्रारंभ होगा जो कि सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुये मोहन घाट, गाटर घाट पहुंचेगा, जहां पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जावेगा।

निगमायुक्त ने उपायुक्त शैलेश गुप्ता को प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाते हुए संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं को संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए अपने मार्गदर्शन में समय पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु निर्धारित स्थानों पर विसर्जन जलकुण्ड बनाते हुए नदी,तालाब में विसर्जन न करते हुए सभी प्रतिमाऐं जलकुण्ड में ही विसर्जित करने के साथ ही केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों मार्गदर्शिका का पालन करते हुए विसर्जन कुण्ड बनाने ,सभी विसर्जन कुण्ड के चारों ओर एवं प्रतिबंधित विसर्जन स्थल जैसे-कटायेघाट, मसुरहा घाट, अमीरगंज तालाब के पास पर्याप्त बैरिकेटिंग करने व आवागमन हेतु मुख्य मार्गों, चल समारोह मार्ग एवं प्रतिमा विसर्जन स्थल के पहुंच मार्गों के गड्ढों की आवश्यक मरम्मत कराने के साथ विसर्जन स्थलों पर ड्यूटी करने वाले अधिकारी, कर्मचारी हेतु पंडाल, कुर्सी, सोफा, टेबिल तथा माईक-साउंड आदि की व्यवस्था करने,विसर्जन स्थलों पर सुविधाजनक पटरे लगाये जाने,सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से निर्धारित विसर्जन स्थल पर कटनी सेवा समिति के तैराक व होमगार्ड के जवान तैराक, गोताखोर, लाईफ जैकेट, मोटर बोट की समुचित व्यवस्था हेतु नगर निगम, कटनी द्वारा भी पत्र प्रेषित करने तथा संबंधित शाखाओं व विभाग से समन्वय बनाकर वाच टॉवर रखवाये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,सहायक यंत्री अनिल जायसवाल,सुनील सिंह सहित उपयंत्रियों को दायित्व सौंपे हैं।

इसी प्रकार दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु समस्त विसर्जन स्थल-जलकुण्डों, आवागमन मार्गों, जुलूस मार्ग में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही मुख्य स्थानों पर वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था करने,विद्युत मंडल के सहयोग से जुलूस मार्ग के झूलते तारों को व्यवस्थित किए जाने के साथ-साथ पूर्व वर्षों की भांति जुलूस मार्ग पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था करने व सभी विद्युत वाहन दुरुस्त रखते हुये वाहन चालक, विद्युत मिस्त्री, सहयोगी समन्वय बनाकर विभागीय उत्तरदायित्व को समय पर पूर्ण कराए जाने हेतु प्रभारीं कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ,सहायक यंत्री आदेश जैन,उपयंत्री मोना करेरा सहित अन्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई है।

वहीं मूर्तियों के विसर्जन हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों व मार्गदर्शिका के अनुसार कार्यवाही करते हुए समस्त विसर्जन कुण्डों, पहुंच मार्गों एवं जुलूस मार्ग की विशेष साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव ,निर्धारित सभी विसर्जन कुण्डों में वार्ड दरोगा एवं सफाई कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाने तथा दशहरा चल समारोह में आवारा जानवरों की रोकथाम व नियंत्रण हेतु कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए जुलूस मार्ग में उपयुक्त स्थल पर स्वच्छ चलित शौचालय रखवाने हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दायित्व सौंपते हुए सभी स्वच्छता निरीक्षक व वार्ड दरोग़ाओं की ड्यूटी लगाई गई है।

मूर्तियों के विसर्जन हेतु निर्धारित सभी जलकुण्डों में पानी भराए जाने के साथ जलकुण्ड में पानी की कमी होने पर तत्काल पानी की पर्याप्त व्यवस्था समय पर कराने हेतु उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई है ,इसके अतिरिक्त दशहरा पर्व 1 अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल कक्ष में फायर ब्रिग्रेड वाहन मय स्टाफ उपलब्ध कराते हुए अन्य सभी फायर वाहन मय स्टाफ के तैयार रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम में देने हेतु उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को दायित्व सौंपा है।

## दिव्यांगन हेतु रोजगार मेले में 7 हितग्राहियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कटनी द्वारा विभिन्नक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान् में दिव्याांगजन हेतु रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में बैंक से प्राप्ता होने वाले विभिन्ना प्रकार की वित्तीयय सुविधाओं के बारे में दिव्यांमगजनों को जानकारी दी गई एवं दिव्यांलगजनों को बीमा सखी एवं ग्रामीण अभिकर्ता बनने के बारे में विस्ता र से बताया गया। साथ ही प्राथमिक रूप से 7 हितग्राहियों का चयन किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन जबलपुर से अरिहंत जैन द्वारा टू व्हीलिर रिपेरिंग से संबंधित चलाये जा रहे स्वेरोजगार प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। साथ ही श्री शिवांस सेन अडानी स्किल सेंटर कैमोर द्वारा संस्थान् में संचालित विभिन्नथ प्रकार के स्व रोजगार प्रशिक्षणों एवं रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा आरसेटी में संचालित होने वाले विभिन्नो स्वररोजगार पाठयक्रमों के बारे में उपस्थित दिव्योंगजनों को जानकारी दी गई। ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण स्वपरोजगार प्रशिक्षण संस्था न (आरसेटी) में 29 दिव्यांगेो हेतु शॉपकीपर प्रशिक्षण का अयोजन किया जा रहा है। साथ ही मिशन द्वारा संकुल स्त रीय संगठनों, ग्राम संगठनों एवं स्व।-सहायता समूह स्त र पर सामुदायिक कार्यक्रम, जागरूकता रैली, स्वागस्य्एव वार्ता के साथ महिलाओं के स्वा स्थ्द एवं पोषण जागरूक्ता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

तारादेही रेंज में विराजती है मां भवानी, वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित पूरा वन स्टाफ करता है सहयोग

# 53 वर्षों से लगातार पूरे गांव में रखी जाती है मां दुर्गा की एक प्रतिमा, पूरा गांव करता है सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही.



कहते हैं मां और भक्त का नाता जन्मों जन्मों का होता है इसमें आस्था जितनी गहरी होती है और भक्ति भी उतनी ही गहरी होती है ऐसा ही नजारा तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम तारादेही में देखने को मिल रहा है यहां पर रेंज परिसर में नवरात्र के दौरान माता दुर्गा की एक अद्भुत और पुरानी परंपरा पिछले 53 वर्षों से चली आ रही है। यहां हर साल माता की प्रतिमा की स्थापना की जाती है, जो इस क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र बन गई है यह नवरात्र उत्सव सिर्फ एक पूजा नहीं, बल्कि इस इलाके की पहचान बन चुका है। 1972 से लगातार यहां माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। तारादेही रेंज परिक्षेत्र के कर्मचारी और स्थानीय निवासी मिलकर इस परंपरा को निभाते हैं। यह उत्सव पीढ़ियों से चली आ रही भक्ति और विश्वास की कहानी कहता है। जो अपने आप में एक आस्था का केंद्र है इस ग्राम में बीते 53 वर्षों से पूरे गांव में सिर्फ एक ही प्रतिमा रखी जाती है जबकि तारादेही ग्राम की आबादी 3 हजार से अधिक है और आसपास 30 से अधिक गांव है

## वन विभाग और ग्रामीणों की आस्था का केंद्र

शारदीय नवरात्रि पर्व हर साल तारादेही ग्राम के वन विभाग के कर्मचारी और आसपास के गांवों के लोग पूरी श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं। यह उनके बीच एकता और आपसी सहयोग का एक शानदार उदाहरण भी है। नवरात्र के नौ दिनों तक यहां विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं और सहयोग करते हैं यहा पर कोई भी वन परिक्षेत्र अधिकारी आए लेकिन माता रानी के पर्व पर विशेष सहयोग करना पड़ता है साथ ही वनकर्मी भी सहयोग करते है। पंडित श्याम सुंदर शास्त्री कथावाचक के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए श्रद्धालुओं के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनकी वाणी में एक अद्भुत मिठास और ज्ञान की गहराई थी, जिसने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अब उनके पुत्र पंडित रमेश शास्त्री इसी परंपरा को पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, वे भी हर साल नवरात्र में कथा करने के लिए आते हैं।

# जबेरा में हुआ पथ संचलन



**जबेरा।** जबेरा मंडल में विजयादशमी के पूर्व आरएसएस द्वारा एकत्रीकरण व पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरएसएस मंडल की सदस्यों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और अपने जोश और देशभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप रहे जिन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम ना किसी से डरते हैं ना किसी को डराते हैं। हम शक्ति की उपासना करने वाले सनातनी हैं। अब समय आ गया है कि हम संगठित रहें, समरस रहे और अपने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करें। उन्होंने ने अपने संबोधन में पांच परिवर्तन के विषय पर भी जोड़ दिया। कार्यक्रम में जिला संघ चालक डॉक्टर अश्वनी नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ ही संघ के सदस्य चंद्रशेखर बाजपेई, देवी प्रसाद शर्मा सहित अन्य कई सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पथ संचलन के दौरान जबेरा मंडल की सदस्य राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर सड़कों पर उतरे कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से ध्वजारोहण और राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ हुआ।

## अजबधाम में विराजीं माँ दुर्गा



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अजब धाम फतेहपुर में बस स्टैंड प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की गई है। दुर्गोत्सव समिति सदस्य संदीप यादव, अशोक पटेल, दशरथ राज पाली, जगदीश यादव, आशिक खान, नरेंद्र पटेल आदि सभी सदस्यों के द्वारा माँ की प्रतिमा विराजमान की गई।

# 21 फीट लंबी भव्य चुनरी यात्रा निकली



**सिंगपुर।** ग्राम सिंगपुर में माँ दुर्गा की भव्य 21 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकली, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। यह यात्रा सांति मोहल्ला से शुरू होकर गाँव के प्रमुख स्थानों से होकर गुज़री और अंततः सांति मोहल्ला पर ही समाप्त हुई। यात्रा के दौरान सबसे पहले पोरिया महाराज से होकर रास्ते में भक्तों ने माता की भक्ति और जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके बाद संकर चौक बाली माता और छोटी खेर बाली माता के दर्शन किए गए। छोटी-छोटी झांकियों के माध्यम से देवी के दिव्य रूप को दिखाया गया और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ माता की आराधना की। यात्रा में गाँव के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रत्येक श्रद्धालु माता के प्रति अपनी आस्था और भक्ति प्रकट कर रहा था। यह आयोजन गाँववासियों की एकता और धार्मिक भावना का प्रतीक रहा। समापन सांति मोहल्ला में हुआ, जहाँ माता की 21 फीट लंबी चुनरी को सम्मानपूर्वक समर्पित किया गया। इस भव्य आयोजन ने गाँव में उत्सव और श्रद्धा का वातावरण बना दिया।

# विशाल कन्या भोज का आयोजन

**दमोह।** श्री शिव सांई मंदिर बेलाताल टापू पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छोटी-छोटी कन्याओं के पैर पखारे गए। उनका हल्दी कुमकुम से तिलक किया गया, चुनरी उड़ाई गई। मंदिर पुजारी पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज ने बताया की नवरात्र में कन्या भोज करने से माता रानी की कृपा होती है। एवं मां सब कष्टों का हरण करती हैं। शारदीय नवरात्रि में मां की आराधना चल रही है। मंदिर में विराजमान जगत जननी मां जगदंबा के अखंड ज्योति जल रही है। इस वर्ष जवारी भी रखी गई है। प्रतिदिन सुबह से भारी मात्रा में श्रद्धालु लोग मां को जल अर्पण करने के लिए आती है। यह संपूर्ण आयोजन श्री शिव साई सेवा भाव परिवार के सदस्यों के द्वारा आयोजित किया जाता है।

# विशाल चुनरी यात्रा निकाली





**हिंडोरिया।** नगर सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल भव्य 2000 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें किशोरी शक्ति दल की बच्चियों ने हैरतएंगेज कारनामे अखाड़े के माध्यम से दिखाये शोभा यात्रा में हजारों महिलाएं चुनरी को अपने हाथों में थामे हुए माता रानी की जय जयकार के नारे लगाते हुए चल रही थी जगह जगह पुष्प बरसाकर लोगो के द्वारा जोरदार स्वागत किया सुबह खिड़का मोहल्ला में विराजमान बड़ी देवी माता मंदिर परिसर से नपा अध्यक्ष ठाकुर हेमेंद्र सिंह के द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर भव्य चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया गया चुनरी यात्रा खईया मोहल्ला राजगढ़ी मैदान से होती हुई मुख्य बाजार क्षेत्र में पहुंची जहां पर दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया यहां पर फलाहार जलपान कराया गया किशोरी शक्ति दल की बच्चियों के द्वारा अखाड़े में हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए तलवार बरछा लाठी बनेती चक्र आदि चलाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया । लोगो दुबारा इनके प्रदर्शन की सराहना की गई यात्रा में सबसे आगे अश्व सवार अपने हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे वाहनों में चार प्रकार की सुंदर झांकियां सजाई गई थी शोभा यात्रा पुलिस थाना नंनी माता से होती हुई 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित जगत जननी बड़ी भुवन माता परिसर पर पहुंची जहां पर विशेष पूजा अर्चना के साथ माता रानी को चुनरी अर्पित कर भक्तों द्वारा महा आरती की गई तत्पश्चात भक्तों ने मां की जय जयकार के नारे लगाए जिससे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ था इसके बाद 5 कुंटल साबूदाने की खिचड़ी एवं फलों का वितरण समिति के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह, राजकुमारी सिंह सुधांशु चौबे, ए एस आई मलखान सिंह, नगर सेवा समिति के संरक्षण प्रेम नारायण प्यासी, चुनरी प्रभारी विनोद ठाकुर, राजेश वर्मा, एडवोकेट संजय अग्रवाल, अतुल सिंह ठाकुर, कमलेश नामदेव, ठाकुर बसंत सिंह, देव सिंह ठाकुर, दिलीप रावत सहित नगर सेवा समिति एवं किशोरी सकती दल की समस्त बच्चियों मौजूद रही।

सुख शांति और समृद्धि की कामना...

# मातारानी को अर्पित की 101 मीटर लंबी चुनरी



**फतेहपुर।** नवरात्रि के अवसर पर अजब धाम में एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें पूरे गांव के ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह यात्रा मां बाजार बाली माता तक ले पहुंची। यात्रा में माता भक्तों को अर्पित करने के लिए 101 फीट लंबी चुनरी को श्रद्धालुओं ने हाथों में उठाकर मां बाजार बाली माता तक ले जाया गया। यह दृश्य पूरे भक्तों में उत्साह और भक्ति का प्रतीक बन गया था। यात्रा में बच्चे युवा और बुजुर्ग सभी शामिल हुए। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भजन आरती और नृत्य प्रस्तुत किए। भक्त माता को चढ़ाने के दौरान जयकारा लगाते रहे। डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। मंदिर के महंत राम अनुग्रह दास श्री छोटे सरकार ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नही बल्कि क्षेत्र में सुख शांति समरसता और खुशहाली बनाए रखने का संदेश भी देती है। पिछले दो वर्षो से यह यात्रा नवदुर्गा उत्सव के अवसर पर आयोजित की जा रही है। मंदिर परिसर में भोजन और प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई थी जिससे सभी श्रद्धालु और ग्रामवासी यात्रा में सहज रूप से शामिल हो सके। ग्रामवासी बताते है कि चुनरी यात्रा से भक्ति का उत्साह बढ़ता है । और पूरे क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक समरसता को मजबूती मिलती जिसमे सभी भक्त हिस्सा लेते हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह के तहत शिविर संपन्न



**रनेह।** महिला बाल विकास परियोजना हटा सेक्टर रनेह आंगनबाड़ी केंद्र बरखेरा चैन में शासन की मनसा अनुसार परियोजना अधिकारी शिव राय के निर्देशन सेक्टर सुपरवाइजर चंद्रकांति बहुत्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण 2025 का आयोजन किया गया। जिसके तहत थीम में विभिन्न गतिविधियां की गई। पोषण से भरपूर बच्चों का ऊपरी आहार, पुरुषों के लिए व्यंजन प्रतियोगिताएं बाल पोषण एवं देखभाल पर पोषण चौपाल में गर्भवती एवं धात्री माता को पोषण की विभिन्न जानकारी दी। पोषण पर शपथ भी ली गई। पोषण माह के दौरान स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित गर्भवती माता एवं 19 वर्ष से 49 वर्ष की माता को जानकारी दी गई जिसमें सब्जियों जैसे पौष्टिक आहार अपने दैनिक आहार में शामिल करके स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उपस्थित हितग्राहियों को कुपोषण की रोकथाम खून की कमी एनीमिया की रोकथाम के लिए पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी। अनाज को अंकुरित करके खाने से लाभ मिलता है मुनगा में बहुत पौष्टिकता है गर्भवती माता किशोरी बालिकाओं को लाभकारी माना गया है। स्थानीय सामग्री मूंगफली, चना, सोयाबीन, उड़द के सेवन से भी पौष्टिकता बढ़ती है यदि परिवार में महिला स्वस्थ रहेगी तो परिवार सशक्त रहेगा। कार्यक्रम में अनुपम विदुआ सी एच ओ, तामेश्वरी एएनएम, अंबे प्यासी आशा सुपरवाइजर, ज्योति पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सोमवती पटेल आशा कार्यकर्ता, बेबी अहिरवार सहायिका, बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माता, किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति रही।

# दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के मंगल भवन सभागार में सामाजिक अधिकारिता योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह लोधी का सम्मान जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल ने पुष्पमाला पहनाकर किया। मंचासीन समस्त अतिथियों का स्वागत जनपद स्टाफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जबेरा, तेंदूखेड़ा एवं तेंदूखेड़ा नगर परिषद क्षेत्र के कुल 26 दिव्यांग हितग्राहियों को बैटरी साइकिल, व्हीलचेयर सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। लाभान्वित राघवेन्द्र सिंह (निवासी सड़क हरदुआ) ने ट्राईसाइकिल प्राप्त कर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब दैनिक कार्यों में आसानी होगी। वरिष्ठ भाजपा नेता भाव सिंह लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा कार्य करने का अवसर मिल रहा है। असहाय एवं जरूरतमंदों की मदद ही सच्ची सेवा है। उन्होंने लाभार्थियों से उपकरणों को सुरक्षित रखने और दैनिक जीवन में उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रानू नामदेव ने किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सुजान सिंह, विनोद मलैया, माधव सिंह, संजू साहू, अमर ठाकुर, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, बीईओ विनोद बाजपेई सहित जनपद पंचायत स्टाफ उपस्थित रहा।

# सरदार पटेल की जयंती मनाने बैठक आयोजित



**हटा।** विकासखंड के ग्राम बरखेड़ा कलार में देवश्री जानकी रमन जू मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल से किया गया। जयंती के तहसील संयोजक खिलान सिंह पटेल ने कहा कि 31 अक्टूबर को हमारे आदर्श लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती जिला स्तर पर मानना है हमारे समाज की ताकत हमारी संख्या है लेकिन हम गांव मैं रहकर उपस्थिति नहीं दे पाते यह समय विज्ञापन का समय है। सभी लोग रैली में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दे तभी हमारी देश प्रदेश में पूछ होगी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि कोई किसी भी पार्टी में रहे समाज के लिए सब एक रहे जयंती के दिन समाज की इतनी उपस्थित होना चाहिए की हर गली चौराहे पर कुर्मी समाज ही दिखें। जयंती के जिला संयोजक लोकेंद्र पटेल उर्फ लकी भैया ने कहा कि हर ग्राम के समाज के लोगों तक आमंत्रण पत्र पहुंचना है समाज के जिला अध्यक्ष चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहां कि समाज की बात समाज में ही करें मोबाइल या सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें जो भी बात हो आमने-सामने आकर कहें। शादी विवाह में तीन-तीन कार्यक्रम ना करें सिर्फ एक ही दिन में सभी कार्यक्रम करें। समाज के लोग एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। कार्यक्रम में शिवचरण पटेल, खरगराम पटेल डीपी पटेल बहादुर पटेल गोपाल पटेल आदि ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में समाज के बद्री पटेल पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत पटेरा के निधन पर 1 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रमका संचालन शिक्षक माधव पटेल ने किया आभार राजा पटेल ने व्यक्त किया कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न




**दमोह।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 13 दिसंबर 2005- 2006 एवं संशोधित नियम 2012 के जिला मे जमीनी स्तर पर व्यवस्थित क्रियान्वयन को लेकर पीजी कॉलेज दमोह में सीएफआर- सीआर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, राज्य स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी सदस्य गिरीश कुबेर, डॉ रूप नारायण माडवे, राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक राहुल श्रीवास्तव, आदिम जाति कल्याण विभाग संयोजक आदिति शाडिल्य, एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान , जिला प्रशिक्षक बीरेंद्र दुबे, घनश्याम रायकवार के अलावा वन विभाग, राजस्व विभाग, सरपंच, सचिव, वन अधिकार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण मे वन अधिकार समितियों के पुनर्गठन एवं उनके सशक्तिकरण,वनाधिकार कानून के लम्बित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक निस्तार के दावों की स्थिति सहित जिला दमोह मे वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन की स्थिति आदि पर चर्चा की गई। एवं आगामी अक्टूबर 2025 की ग्राम सभा मे वनाधिकार समिति गठित करने एवं सामुदायिक निस्तार के अधिकार के दावा लगाने एवं निराकरण पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान उपस्थितजनों मे वनाधिकार कानून के बारे मे प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण के अंत मे आयोजित सबाल जबाब प्रशिक्षण मे वनाधिकार कानून क्रियान्वयन की अनेक व्यवहारिक कठिनाईयो पर विमर्श हुआ। एकता परिषद के सुजात खान ने डॉ. राजगोपाल पी. व्ही. के नेतृत्व में हुये जनादेश 2007 आन्दोलन के बारे मे जानकारी देते हुये कहा कि जिला दमोह मे वनाधिकार कानून को ठीक से लागू करने, इस दिशा मे जमीन पर कार्यरत संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को तवज्जो देने की जरूरत है। प्रशिक्षण के अंत मे आभार प्रदर्शन संयोजक आदिति शिडिल्य ने किया।

# 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**पथरिया।** पतंजलि परिवार द्वारा श्री देव संकट मोचन हनुमान जी मंदिर में 20 सितंबर से 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर संचालित है सत्र का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया जिसमें नए योग साधकों को सह योग शिक्षक बनाया जा रहा है। सहयोग शिक्षक का प्रमाण पत्र के आधार पर सभी हरिद्वार शिविर भाग लेने के पात्र हो जाएंगे। आज योग कक्षा का संचालन जिला पतंजलि प्रभारी कृष्ण कुमार परोहा द्वारा कराया गया। केदारनाथ शर्मा योग शिक्षक ने आसनों के अभ्यास, विनोद कुमार दुबे शिक्षक ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया कर्मठ कार्यकर्ताओं को पतंजलि जैकेट प्रदान की गई। उपस्थित सभी सदस्यों को दर्शन प्रवेश नामक पुस्तक भेंट की गई। इस कार्यक्रम में पतंजलि के सह जिला प्रभारी गंगाराम पटेल,पतंजलि प्रभारी सुदेश चौरसिया भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र दुबे,राजीव लोचन स्थापक योग शिक्षक,श्याम उपाध्याय,दीनदयाल कुर्मी, नारायण प्रजापति,प्रीतम साहू, लकी रैकवार, हुकम पटेल, दीपक ताम्रकार एवं नए योग साधकों सहित पतंजलि के सभी सदस्यों की गरिमा में उपस्थिति रही।

# गरबा खेलकर महिलाओं ने की मां की आराधना



**तेंदूखेड़ा** नगर के अस्पताल परिसर में सर्वमंगल मांगल्ये दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचवटी सिद्ध धाम समिति की महिलाएं एवं बच्चियों के द्वारा मां दुर्गा के समक्ष गरबा किया गया। महिलाएं आकर्षक श्रृंगार, वेशभूषा के साथ देवी गीतों पर गरबा किया गया। इसके अलावा महिलाओं ने डांडिया खेलकर मनमोहक माहौल बना दिया। उपस्थित भक्तों के द्वारा तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। समिति के द्वारा सभी गरबा कर रही महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया। नगर के सभी देवी पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें जिला सहकारी बैंक परिसर में रामलीला का आयोजन किया जा रहा हैं इसके अलावा तारादेही तिराहा पर प्रतिदिन छोटी छोटी कन्याओं के द्वारा देवी गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की जा रही हैं। विघानगर दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में महाआरती एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। गरबा करने वालों प्रज्ञा कटारे, पूनम खरे, ईशिका कटारे, सान्विका कटारे, निकिता ठाकुर, मनोकामना उपाध्याय, मनु उपाध्याय, अंजली खरे, मानसी खरे, आर्या नेमा, आस्था खरे, रिया विश्वकर्मा, रिया त्रिपाठी, तनु दुबे, वैष्णवी सरैया, रिषिता सरैया, सुनीता पटैल, चारू मस्कोले, प्रिया विश्वकर्मा, अंशिका विश्वकर्मा, वेदिका खरे, यशोदा खरे, हर्षिता खरे, अनादि उपाध्याय सहित अनेक बालिकाएं उपस्थित रही।

## जिले में जगह जगह अदभुत झांकियां, संध्या आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु


दमोह। राय चौराहा पर विराजित माँ की मनमोहक छवि


पटेरा। जय बजरंग दुर्गोत्सव समिति बस स्टैंड


पटेरा। पुराना बाजार दुर्गोत्सव समिति

अष्टांग योग की अधिष्ठात्री मां महागौरी

# योग के आयोग में संयोग की जनक मां महागौरी- श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह**। साधक को पाने का प्रयास करते रहना चाहिए नहीं तो जीवन में बहुत कुछ विलुप्त हो जाता है खो जाता है, कैसे तो बात है पाने की प्राप्ति कि जब शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए पार्वती ने कठोर तप किया तब तप के कारण उनका शरीर काला पड़ गया । क्योंकि योग में संयोग समाहित है द्य यही सिद्धांत है योग के आयोग में संयोग का जनक मां ने बन कर दिखाया तभी तो समस्त संसार की जननी हुई। तपस्या पूर्ण होने पर शिव ने उन्हें गंगा जल से स्नान कराया, किसी विशेष कल्प के कथा में मिलता है कि तप के कारण जो स्वेद निकला उससे नदियों का उद्गम हुआ और पार्वती का शरीर श्वेत और उज्ज्वल हो गया। तभी उन्हें "महागौरी" कहा गया। इस प्रकार की दो कथाओं में जहां काली से गौरी का तप प्रारंभ था वहीं अष्ट योग आके प्रगट हुए जिसमें बारंबार ली गई परीक्षा में वे उत्तीर्ण हुई। यहां विशेष आशय है कि माँ महागौरी का रूप साधक को यह सिखाता है, कि यदि मनुष्य अपने भीतर के अंधकार और कर्मबंधनों को तपस्या, श्रद्धा और सत्य के मार्ग से धो दे, तो आत्मा चंद्रमा के समान श्वेत और पवित्र हो जाती है। वे अष्टमी तिथि पर विशेष रूप से पूजनीय हैं क्योंकि यह दिन आत्मिक शुद्धि, मुक्ति और


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति का द्वार खोलता है।

जीवन में संयम, साधना और शुद्ध विचारों से ही आता है जिससे परम शांति और मोक्ष की प्राप्ति संभव है। यह कथन है श्री भगवान वेदांताचार्य जी का है जो दार्शनिक विवेचना के लिए जाने जाते है आगे सत्संग की धारा में कहते है कि वर्तमान युग में परम्परा और सिद्धान्त के मूल आधार को नष्ट किया जा रहा है गर्व से जनित गरवे की रात में एक मां अपने बालक को देश के लिए समर्पित करते आई है जिसमें राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है कन्या पूजन ही एक मात्र ऐसा विकल्प है जिसकी पूजा से राष्ट्रीय मापदंडों पर विश्व में भारत कीर्तिमान स्थापित कर सकता है क्योंकि कन्या का मान एक पिता के सम्मान की सामाजिक पृष्ठभूमि पर साख है। जिसे स्थापित करने में सदियां लगती है। इसलिए तो पिता हिमालय राज को इस सुखद अनुभव प्राप्त करने के लिए पार्वती के तप करने तक मौन रह कर उन्हें निहारना पड़ा कन्या कैसे चंद्र की कला के समान बड़ी हुई तो नजरों का खेल सहन नहीं हुआ समाज की बुराई निगाहों में है। जहां पिता कवच बन के खड़ा होता है, फिर आगे पार्वती की चाह में शिव के लिए निर्जन वन में चले जाना बड़ी बात नहीं क्योंकि शेर के रूप में पिता का दूत बन के स्वयं साथ थे। समाज में ऐसे पिता की आवश्यकता है जो कन्या के लिए कवच बनकर सामने आए , चाहे रूप कोई भी हो इस भूमिका में एक ऑटो वाला एक पुलिस वाला एक वकील कोई भी उस का कवच बन सकता है। इस प्रकार कन्या की सुरक्षा विशाल हृदय हिमालय जैसा व्यक्तित्व ही समझ सकता है। इसलिए पिता से बड़ा कोई इस संसार में कोई दूजा नहीं, भारतीय संस्कृति में मां एवं पिता दोनों का मान है इसलिए यहां जुगल रूप में साधना स्वीकार है जैसे पार्वती शिव, राधे श्याम, सीता राम इस प्रकार महागौरी ने शिव को प्राप्त कर सिद्धियों के द्वार साधकों के लिए खोल दिए जिससे निकट भविष्य में उन्हें पुकारते समय कोई बाधा न आए, आइए इसी क्रम में नवरात्रि के अवसर पर निखिल जगतकी अधिष्ठात्री का आह्लाद प्राप्त कर जीवन को धन्य करें।

## खास बातें

### बिजली की अघोषित कटौती से जनता परेशान

**पथरिया**। नगर में नवरात्रि पर्व में भी विधुत की अघोषित कटौती की जा रही है विभाग द्वारा बारिश के मौसम के पहले भी मेनटेनेंस काम किया जाता है लेकिन उसके बाद भी बारिश व हवा तेज चलने पर विधुत सप्लाई बंद हो रही। शनिवार रात्रि में कटौती हुई उसके बाद रविवार को दिन भर कटौती का दौर चलता रहा।

### लक्ष्मणकुटी धाम में निरंतर चल रहा है अखण्ड रामायण पाठ

**दमोह**। विगत माह से लक्ष्मण कुटी धाम सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में गणेश चर्तुर्थी से निरंतर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन ग्राम के साभी भक्तो के सहयोग से निरंतर चल रहा है। भक्त अपनी श्रद्धा भाव से तन मन धन से निरंतर सहयोग प्रदान कर आयोजक मण्डल में चांदौरा पंचायत सरपंच देवकी पटैल अपने अन्य सहयोगी के साथ निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे जिससे क्षेत्र में धर्ममय माहोल व्याप्त है हरि इच्छा तक अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन चल रहा है।

### फंसे हुए नागरिकों की सकुशल वापसी हेतु की जा रही त्वरित कार्रवाई

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया ग्राम मोहड़ तहसील तेंदूखेड़ा के कुछ नागरिक कर्नाटक राज्य के बीजापुर जिले के ग्राम डाबरी में फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई हैं। जिला प्रशासन को जैसे ही इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई, त्वरित रूप से संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इन नागरिकों से संपर्क स्थापित हो चुका है और उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ प्रारंभ कर दी गई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा भी इन नागरिकों से संपर्क कर उनकी स्थिति की जानकारी ली जा चुकी है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आज

**दमोह**। उप संचालक खनिज विभाग ने बताया कि राज्य शासन द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम व नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के रोकथाम नियंत्रण हेतु 29 सितंबर को समय सीमा की बैठक के पश्चात समय 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण नियत तिथि व समय पर आयोजित बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

### घनश्याम प्रजापति के पिता का निधन

**हटा**। हटा के पत्रकार घनश्याम प्रजापति के पूज्य पिता श्री



प्यारेलाल प्रजापति का 82 वर्ष की उम्र में रविवार की सुबह निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार दोपहर ग्राम रसीलपुर मुक्तिधाम में किया गया जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने सम्मिलित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

# दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर फिर लगा चार किमी लंबा जाम, 5 घंटे बाद खुला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर/जबेरा

दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सिंग्रामपुर के सतघटिया जंगल क्षेत्र में रविवार सुबह एक ट्रक का अगला चक्का गहरे गड्ढे में धंसकर पट्टा टूट जाने से लगभग 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। यह स्थिति एक माह में दूसरी बार बनी है। खस्ताहाल सड़क और लगातार वाहनों की खराबी के चलते पांच घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। अंततः जबेरा और सिंग्रामपुर पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे पर आवागमन बहाल हो सका। जानकारी के अनुसार, हाइवे पर जगह-जगह गहरे गड्ढों और टूटी सड़क के कारण भारी वाहन आए दिन बीच रास्ते खराब हो जाते हैं। रविवार को भी ट्रक फंसने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे बसों और अन्य वाहनों में सफर कर रहे राहगीर घंटों फंसे रहे। कई लोग अपने गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच पाए। बता दें कि मात्र छह माह पहले इस सड़क की मरम्मत के लिए शासन ने 27 करोड़ रुपये की लागत से टेंडर जारी किया था। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ ही महीनों में सड़क फिर से खस्ताहाल हो गई। हालत यह है कि सड़क पर गड्ढे इतने गहरे हैं कि कई बार वाहनों के पहिए पूरी तरह धंस जाते हैं।

### एम्बुलेंस सेवाएं प्रभावित

खराब सड़क का सबसे ज्यादा असर एम्बुलेंस सेवाओं पर पड़ रहा है। 24 घंटे चलने वाली एम्बुलेंसें भी इन गड्ढों में फंस जाती हैं, जिससे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। यह स्थिति गंभीर बीमारियों और आपातकालीन सेवाओं में बड़ी बाधा बन चुकी है।

### पुलिस की मशक्कत से खुला जाम

सूचना मिलने पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान और सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद दुबे मौके पर पहुंचे। वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था शुरू की गई और धीरे-धीरे वाहनों को निकाला गया। पांच घंटे की मशक्कत के बाद यातायात फिर से सुचारू हो पाया।

### जंगल क्षेत्र से नहीं हो रहा चौड़ीकरण

सतघटिया का यह हिस्सा वन विभाग के जंगल क्षेत्र में आता है। इसी कारण सड़क चौड़ीकरण का कार्य लंबे समय से अटका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ढीलमुठाई और वन विभाग की बेरुखी के कारण हाईवे आए दिन जाम की समस्या से जूझ रहा है।

### राहगीरों का आक्रोश


राहगीरों का कहना है कि आए दिन जाम की वजह से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार बसों में बैठे यात्री भूखे-प्यासे फंसे रहते हैं। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# आरएसएस ने किया पथ संचलन



**नरसिंहगढ़**। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य व समिति का स्थापना दिवस होने पर, बटियागढ़ खंड के नरसिंहगढ़ में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कुलदीप सहमी (अर्थशास्त्र व्याख्याता ), मुख्य वक्ता जीवन जी भाई साहब सह जिला कार्यवाह रहे। पथ संचलन का प्रारंभ शाम 4 बजे पी.एम. श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय, नृसिंहगढ़ से हुआ। संचलन में सभी सेविकाओ ने घोष के साथ उत्साह पूर्वक संचलन किया। पथ संचलन के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते समय नगरवासियों ,और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर सेविकाओं का स्वागत किया गया, पथ संचलन का समापन विद्यालय परिसर में शस्त्र पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम के साथ हुआ, यह वर्ष संघ का शताब्दी वर्ष है समिति और संगीत एक विचारधारा को लेकर कार्य करती है तेजस्वी हिंदू राष्ट्र का पुनर्निर्माण इसलिए दोनों संगठन समानांतर रूप से कार्य कर रहे हैं इस कार्यक्रम में प्रांत, विभाग उपस्थित रहे।

# संदीपनी स्कूल भवन निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग



**पथरिया**। प्रदेश में शिक्षा की स्थिति बेहतर करने के उद्देश्य से शासन की महत्वकांशी योजना माडल स्कूल को बदलकर सीएम राइज फिर संदीपनी स्कूल तहसील मुख्यालय पर सर्वसुविधायुक्त आधुनिक भवनो का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इसी क्रम में पथरिया के वार्ड नं 14 में भी मॉडल विद्यालय परिसर में करीब 35 करोड़ रुपए की लागत से भवन निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। लेकिन उक्त भवन में कार्य प्रारंभ से ही गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है वर्तमान में भी यथास्थिति बरकरार है पत्थर की रेत का उपयोग किया गया है। जबकि अनुबंध में मिट्टी युक्त व पत्थर की रेत लगाने का प्रावधान नहीं है। लेकिन ठेकेदार द्वारा डीपीआर अनुबंध की अनदेखी कर गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है,भवन में कई जगह दरारे भी आ गई हैं। मौका स्थल पर कभी उपयंत्री भी नहीं रहते जिला कलेक्टर से मांग है कि उक्त निमार्ण कार्य की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जाए। एक तरफ शासन पेड़ लगाने की बात कर रही है अभियान चलाए जा रहे हैं लेकिन अवैध उत्खनन कर शासन को करोडों रुपए के राजस्व की क्षति एवं अनेकों बहुमूल्य पेड़ पौधे भी काट दिए सीएम राइज भवन के लिए मुरम वही नजदीक सिद्ध पहाड़ी से अवैध उत्खनन और परिवहन कर सैकड़ों डंपर मुरम निकाली गई, साहू क्रेशर से अब तक हजारों हाईवा/डंपर लाल मिट्टी/मुरम/पत्थर का बिल्डिंग में पुराव किया गया है निर्माण एजेंसी ने खनिज विभाग से परमीशन ली और न क्रेशर ठेकेदार के पास मिट्टी मुरम पत्थर खनन परिवहन करने की परमीशन है जिससे शासन के नियमो की धज्जियाँ उड़ाई गई है और शासन को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति पहुँचाई गई है।

### प्रकरण दर्ज के नाम पर किया सभी को गुमराह

14 फरवरी 2024 को शिकायत पर तत्कालीन खनिज अधिकारी मेजर सिंह जामरा सीएम राइज पहुँच कर निरीक्षण किया और तत्काल पहाड़ी पर स्थित क्रेशर पर जाकर **MP**15 **HA**1131 डंपर जप्त कर थाने में रखवाया गया और दोनों ठेकेदारों पर कार्यवाही करने की बात कही लेकिन शासकीय रिकार्ड में जुर्माना, कार्यवाही के नाम पर किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि खनिज अधिकारी ने दोनों ठेकेदारों से लेनदेन कर मामले को रफा दफा कर दिया हो निरंतर अवैध उत्खनन से वर्तमान में क्रेशर वाले खसरे पर मौजूदा बहुत बड़ी खदान देखी जा सकती है जागरूक लोगों द्वारा उच्च स्तरीय जाँच सहित कार्यवाही की माँग की जा रहीं है। वही इस संबंध में संदीपनी स्कूल प्राचार्य के.पी. बिदौलया का कहना है कि स्कूल के कार्य में व्यस्त रहता हूँ जिस कारण समय नहीं मिल पाता और इस बारे में मुझे कोई ज्यादा जानकारी भी नहीं है। वही इस संबंध में एसडीओं मध्यप्रदेश भवन निर्माण सीमा रजक का कहना है मैं एक विजिट में हूँ आपको दस मिनिट बाद बात करती हूँ।

# टाईम्स गरबा उत्सव के समापन में पहुंचे मंत्री श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



टाईम्स ग्रुप द्वारा आयोजित दिवसीय टाईम्स गरबा उत्सब के अंतिम दिन केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल व परिवार जन सुश्री प्रतिज्ञा सिंह पटेल, श्रीमति फलित सिंह पटेल व चि. कुंज सहित उपस्थित रहे। टाईम्स ग्रुप के छात्र छात्राए द्वारा गुजरात से आये हुए प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी के सामने मनमोहक गरबा कि प्रस्तुति दी गई, मौसम की रिम झिम वर्षा ने सभी का उत्सह व आनंद दुगना कर दिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा देर रात तक वर्षा का आनंद लेते हुए गरबा कर माँ की अराधना करी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुनय श्रीवास्तव, नरेन्द्र दुबे, सुनिल राय व अन्य स्मानिय जन मौजूद रहे। इस भक्तिमय कार्यकम के समापन में संस्था के चेयरमैन डॉक्टर सुशील गुप्ता ने इंद्र देव व माँ जगदम्बा में सभी के स्वस्थ व मंगलमय जीवन की प्रार्थना की व सभी प्रतिभागियों को माँ की चुनरी उड़ा कर सम्मानित किया।

# बालिकाएं कर रही शस्त्र विद्या का अभ्यास



**दमोह**। शहर के मोरगंज गल्लामंडी में जहा लोग देवी की उपासना में लगे हुए है वहीं मातृशक्ति व नूतन कन्याएं धर्मरक्षा व आत्मरक्षा के लिए शस्त्रों का अभ्यास कर रही है बही पं.विशेष तिवारी जी ने बताया कि मां देवी की उपासना, पूजा, यह एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें माँ दुर्गा,देवी के अनेक स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिससे भक्त को आध्यात्मिक ज्ञान, मुक्ति और जीवन की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है. इसमें मांदेवी के मंत्रों का जाप, विशेष पूजा विधि, अखंड ज्योति जलाना, फूल माला और प्रसाद चढ़ाना आदि शामिल हैं। सच्ची देवी उपासना के लिए गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक होता है, लेकिन भक्ति और श्रद्धा के साथ घर पर भी बुनियादी उपासना की जा सकती है। यह कहते हुए बताया कि हमारे श्री राम मंदिर में बालक, बालिकाएं, शास्त्र ज्ञान के साथ साथ शस्त्र विद्या का भी ज्ञान ले रही है शस्त्रों की शिक्षा, श्री हरि उस्ताद जी द्वारा प्रदान की जा रही है जिसमे आशी सोनी, कौशिकी पाटकर, यशिका यादव, अदिति राजपूत, नैना रायकवार, श्वेता ठाकुर, आराध्या ठाकुर, हनी गुप्ता, पीहू गुप्ता, अमन यादव, आदित्य ठाकुर, शस्त्र विद्या में भाग लेते है।

# सीमेंट फैक्ट्री से क्षेत्रवासियों को नहीं दिख रही लाभ की उम्मीद

**गैसाबाद**। धंधे रोजगार के मामले में सबसे पीछे की लाइन में खड़े, पिछड़े हुए क्षेत्र की श्रेणी में आने वाले ग्राम गैसाबाद के वासिन्दो को उस समय आर्थिक स्थिति से उभर ने के लिए एक आशा की किरण नजर आई थी जब सन 2019 में मध्य प्रदेश की तत्कालीन कमलनाथ सरकार द्वारा ग्राम गैसाबाद में सीमेंट फैक्ट्री खोले जाने की घोषणा की गई थी। फैक्ट्री खुलने से जहां मजदूरों को अपने ही गांव में काम मिलने की आशा जगी थी तो वही शिक्षित बेरोजगारों को कंपनी में रोजगार मिलने की उम्मीद जागृत हुई थी लेकिन पिछले 5 वर्षों से कंपनी सिर्फ जमीन खरीदने का कार्य कर रही है कंपनी निर्माण के नाम पर अभी तक एक ईट तक नहीं रखी गई है। इन 5 वर्षों में सिर्फ उन लोगों को लाभ प्राप्त हुआ है जिनकी जमीन कंपनी द्वारा खरीदी गई है या जिन अमीर व्यक्तियों की फोर व्हीलर गाड़ियां सीमेंट फैक्ट्री द्वारा कंपनी में लगाई गई हैं। हां कुछ फायदा उनको भी हुआ है जिन्होंने कंपनी से मिलकर किसानों से मध्यस्थता करके किसानो की जमीन की बिक्री कराई है। बाकी के आम गरीब मजदूरों को, मध्यवर्गीय परिवारों को अभी तक कंपनी से कोई लाभ मिलता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। कुछ बेरोजगार युवाओं ने हरिभूमि को बताया कि कंपनी वाले कंपनी में जो कर्मचारी रख रहे हैं वह अधिकांश बाहरी हैं। लोगों ने बताया कि जो सुरक्षा गार्ड भी रखे गए हैं वह भी बाहरी है स्थानीय लोगों को अभी तक कहीं प्राथमिकता नहीं दी गई है। ग्रामीण जनों का तो यह तक कहना है कि कंपनी द्वारा अभी तक स्कूलों की पुताई कराना, पौधों के लिए जाली लगाना जैसे छोटे-छोटे कार्य करके लोगों को भरोसे में लिए जाने की कोशिश की जा रही है। जबकि ग्राम में प्रथम आवश्यकता है एक अस्पताल की एक सामुदायिक भवन की जिसमें आम गरीब व्यक्ति अपने घर परिवार के विवाह कार्यक्रम संपन्न कर सके, ग्राम में एक भी ऐसी धर्मशाला नहीं है जिसमें आम व्यक्ति अपने कार्यक्रम कर सके। यदि कंपनी को वास्तव में ग्राम का विकास करना है तो सबसे पहले ग्राम में 50 पलंग की अस्पताल का नव निर्माण कराया जाना चाहिए। एक सार्वजनिक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण जनों को कुछ सुविधा उपलब्ध हो सके। चश्मा बेग वितरण करने से ग्राम में दस- पांच सौर ऊर्जा लाइट लगवाने से गांव का विकास नहीं होता। गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायें जाना चाहिए तभी गांव का विकास होगा। ग्रामीण जनों ने फैक्ट्री प्रबंधन से फैक्ट्री में गांव के ही मजदूरों को, गांव के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रथम प्राथमिकता दीये जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा गांव के लोगों को जिस तरह से जन सुविधाये एवं रोजगार दिए जाने की बातें कहीं जा रही हैं। यह कब तक साकार होती हैं, या फिर सब यूं ही चलता रहेगा इस पूरे मामले पर जब फैक्ट्री प्रबंधन से बात करनी चाही तो संपर्क नहीं हो सका।

# वैश्य चेतना रैली 2 अक्टूबर को

**दमोह**। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वैश्य चेतना रैली का आयोजन पूरे मध्य प्रदेश में किया जा रहा है जिसके क्रम में दमोह वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई के द्वारा भी इस रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। युवा जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वैश्य महासम्मेलन के द्वारा इस वर्ष भी वैश्य जागरण रैली मोरगंज गल्ला मंडी से प्रारंभ की जाएगी। जो शहर के विभिन्न मार्ग स्टेशन चौराहा बस स्टैंड चौराहा एवरेस्ट लाज घंटाघर सिनेमा रोड सिटी नल महाकाली चौराहा अग्रसेन चौक धगट चौराहा घंटाघर अस्पताल चौराहा होते हुए कीर्ति स्तंभ पर अग्रवाल समाज के कार्यालय में समापन किया जावेगा। महामंत्री मनीष जैन ने समस्त वैश्य बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में टू व्हीलर वाहन लेकर इस रैली में उपस्थित की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल युवा संभागीय प्रभारी जुगल अग्रवाल युवा प्रभारी राहुल लकी जैन महामंत्री मनीष जैन सह मंत्री शिवम अग्रवाल उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य अनमोल अग्रवाल की उपस्थिति रही।